दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 07 दिसंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 70

# दुनिया बदल गई, पर हमारी दोस्ती नहीं... व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात में बोले पीएम नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सालाना समिट में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते कुछ दशकों में दुनिया में बड़े मूलभूत बदलाव हुए हैं। दुनिया ने बहुत से भूराजनीतिक परिवर्तन देखे हैं, लेकिन भारत और रूस की दोस्ती जस की तस रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और रूस के बीच का रिश्ता यूनिक है और भरोसे की नींव पर खड़ा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोरोना की वजह से दुनिया में बड़े चैलेंज आए हैं, लेकिन भारत और रूस के रिश्तों की ग्रोथ जस की तस है। हमारी रणनीतिक मोर्चे पर खास दोस्ती लगातार बढ़ती रही है।

इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने भी भारत को भरोसेमंद दोस्त करार दिया। पुतिन ने कहा कि हम भारत को एक महान ताकत, मित्र देश और भरोसेमंद साथी के तौर पर देखते हैं। दोनों ही देशों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और मैं भविष्य की ओर देख रहा हूं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 38 अरब डॉलर का कारोबार है। इसके अलावा हम सैन्य और तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी साझेदारी रखते हैं। यही नहीं इस मीटिंग में पुतिन ने आतंकवाद के खिलाफ जंग में भी भारत का साथ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम स्वाभाविक रूप से हर चीज को लेकर चिंतित हैं। इनमें से ही एक आतंकवाद भी है।

पुतिन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जंग का एक हिस्सा ड्रग तस्करी और संगठित अपराध से लड़ना भी है। इसी के तहत हम अफगानिस्तान में चल रहे घटनाक्रम को लेकर भी चिंतित हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और पुतिन की मुलाकात से पहले दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों की भी सोमवार को ही मुलाकात हुई थी। यहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी डिफेंस मिनिस्टर से मुलाकात के दौरान 5,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत 5 लाख से ज्यादा एके-203 राइफलों की मैन्युफैक्चरिंग यूपी के अमेठी में की जानी है। इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले 10 साल तक के लिए रक्षा करार भी हुआ है।

# 200 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाली, सांई प्रकाश चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आजाद चौक पुलिस टीम ने 200 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाली सांई प्रकाश चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक कंपनी के तीन संचालक अभी भी फरार हैं, वहीं उमरिया जिले के मानपुर में पुलिस ने 200 एकड़ जमीन के दस्तावेज भी जब्त किए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सनसाइन इंफ्राविल्ड चिटफंड कंपनी के दो संचालकों को राजनांदगांव पुलिस ने कोरबा जेल से गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। दोनों आरोपी मध्यप्रदेश भिंड के रहने वाले हैं। धोखाधाड़ी कर चार साल से फरार आरोपी संचालकों ने 27730 निवेशकों से 37 करोड़ 48 लाख 81 हजार 165 रुपये की धोखाधड़ी की थी। कंपनी के संचालक सुरेंद्र सिंह बघेल, धरम सिंह कुशवाहा, मुकेश सिंह, बनवारी लाल बघेल, वकील सिंह, संजीव सिंह और राजवीर सिंह राजनांदगांव जिले के साथ प्रदेश के अन्य जिलों में भी विभिन्न स्कीम, एफडी, डिपाजिट, आरडी, पेंशन प्लान और फिक्स डिपाजिट सहित अन्य लुभावने तरीकों से निवेशकों को लालच देकर वर्ष 2010 से 2015 तक कंपनी में पैसा जमा कराया था। निवेशकों से रुपये लेने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। जिनकी तलाश में राज्य की पुलिस लगी हुई थी और मुखबिरों को भी लगा हुआ था। इस बीच साई प्रकाश प्रापर्टी डेवलपमेंट लिमिटेड चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर मृगेंद्र सिंह के बारे में मुखबिर से सूचना मिली और राजधानी रायपुर की पुलिस अपनी टीम के साथ उसे गिरफ्तार करने के लिए पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के शहडोल पहुंची जहां ब्यौहारी से उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसी की निशानदेही पर पुलिस ने उमरिया जिले के मानपुर में 200 एकड़ जमीन के दस्तावेज भी जब्त किए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नागालैंड की घटना दुखद, मामले की हो रही है जांच : केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागालैंड की घटना पर दुख जाहिर करते हुए केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा ने कहा है कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। इसकी जांच में जो कुछ निकल कर आएगा उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री बी.एल.वर्मा ने कहा कि नागालैंड में जो कुछ हुआ वो दुखद है और इस मामले में चूक कहां हुई, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। नागालैंड की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह आज संसद के दोनों सदनों- लोक सभा और राज्य सभा में बयान देंगे।

### तिरुवनंतपुरम के पास रेव पार्टी का हुआ भंडाफोड़, कई गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल के आबकारी विभाग ने राज्य की राजधानी के पास पूवर स्थित एक रिसॉर्ट पर छापा मारा, जहां कथित तौर पर रेव पार्टी का आयोजन किया गया था। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पार्टी में करीब 65 लोगों ने हिस्सा लिया, जहां हशीश ऑयल, एमडीएमए और प्रिस्क्रिप्शन टैबलेट का इस्तेमाल किया जा रहा था। महिलाओं सहित कम से कम 25 लोगों को पकड़ा गया। सूत्रों ने कहा कि केरल और राज्य के बाहर बेंगलुरु सहित लोगों ने रेव पार्टी में भाग लिया। रेव पार्टियों के पीछे एक रैकेट था, जिसमें शामिल लोग मौके पर पकड़े गए।

### दर्दनाक हादसा : दीवार गिरने से दो मासूम भाइयों की मौत, मचा कोहराम

**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश में कानपुर देहात अंतर्गत अंतापुर में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दीवार गिरने से दो मासूम भाइयों की मौत हो गई। दोनो मासूम भाई स्कूल जाने के लिए तैयार हो रहे थे इसी दौरान कच्ची दीवार गिरने से दोनों भाई चपेट में आ गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पहुंचकर मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल ले गएं जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। डेरापुर के अंतापुर निवासी किसान सूरत सोमवार सुबह घर के काम निपटाने में लगे थे। वहीं उनके पांच वर्षीय बेटा सोहित व आठ वर्षीय मोहित स्कूल जाने की तैयारी में थे। वह घर के बाहर कच्ची दीवार के पास थे अचानक से वह भरभराकर गिर गई और दोनों भाई उसमें दब गए। यह देख सूरत व आसपास के लोग दौड़ पड़े। मलबा हटाकर उन्हें निकाला गया और डेरापुर सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे कोहराम मच गया। सूरत ने बताया कि उनकी मां की मौत हो चुकी है वह ही बच्चों को पाल पोस रहा था। डेरापुर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जा रही। एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद ने बताया कि सरकारी मदद दिलाई जाएगी।

### पाकिस्तानी महिला ने अटारी सीमा पर दिया बच्चे को जन्म, नाम रखा बॉर्डर

**इस्लामाबाद।** अटारी बॉर्डर पर बीते 70 दिनों से फंसे एक दंपति ने 2 दिसंबर को अपने बच्चे को जन्म दिया। बॉर्डर पर बच्चे का जन्म होने की वजह से इस दंपति ने नवजात का नाम ही बॉर्डर रखा दिया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के राजनपुर जिले के निवासी नींबू बाई और बलम राम अन्य पाकिस्तानी नागरिकों के साथ कई दिनों से बॉर्डर पर रह रहे हैं। नींबू बाई को 2 दिसंबर को प्रसव पीड़ा हुई। महिला को प्रसव पीड़ा में देख पास के पंजाब गांव से कई अन्य महिलाएं डिलीवरी में मदद के लिए पहुंची। अन्य सुविधाओं के अलावा स्थानीय लोगों ने मां और बच्चे के लिए चिकित्सकीय व्यवस्था भी की। नींबू बाई और बलम राम ने बताया कि भारत-पाक सीमा पर बच्चे का जन्म होने की वजह से उन्होंने अपने बच्चे का नाम बॉर्डर रख दिया। महिला के पति ने बताया कि वह और अन्य पाकिस्तानी नागरिक भारत तीर्थ पर आए थे लेकिन आवश्यक दस्तावेज न होने की वजह से ये सब बॉर्डर पर ही फंस गए। यहां पर रह रहे 97 लोगों में से 47 बच्चे हैं। इनमें से छह बच्चों का जन्म भारत में हुआ और इनकी उम्र एक साल से कम है। बलम राम के अलावा, उसी टेंट में रहने वाले एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक लाग्या राम ने भी अपने बेटे का नाम भारत रखा है।

# दर्दनाक सड़क हादसा, मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के चकारीभीट चैराहे पर आज सुबह करीब सात बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा कार तथा मोटरसाइकिल के बीच हुआ जिसमें आठ साल की मासूम बच्ची समेत तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई।

आपको बताते चलें कि कुड़वार थाना क्षेत्र के भण्ड़रा मौहरिया निवासी पुष्पा देवी उम्र करीब (38) पत्नी चंदन कुमार, आरती उम्र करीब(8) पुत्री प्रेम चंद निषाद,विनोद कुमार उम्र करीब (22) पुत्र छोटेलाल निषाद अपने किसी करीबी रिश्तेदार के घर बल्दीराय थाना क्षेत्र के चंदीपुर गांव को बीते शनिवार को तेरहवीं में गये हुए थे। आज सोमवार की सुबह घर भण्ड़रा मौहरिया के लिए आ रहे थे कि पारा चैराहे के पहले चकारीभीट के पास तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही विनोद कुमार व पुष्पा देवी की मौत हो गई। जबकि आरती की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक पुष्पा देवी की शादी पाचोपीरन में चंदन कुमार निषाद के साथ हुई थी जो कि बीते दस सालों से अपने मायके भण्ड़रा मौहरिया गांव में जमीन खरीदकर घर बनाकर रह रही थी। मृतक पुष्पा के दो बेटी और दो बेटा है। जिसमें दोनों बेटियों की शादी कर दी है। मृतक विनोद कुमार पुत्र छोटे लाल निषाद भण्ड़रा मौहरिया के निवासी है। जो कि पुष्पा देवी का भतीजा है। छोटेलाल निषाद किसी मामले में जेल में बंद हैं। जिनके बड़े बेटे का नाम विनोद कुमार व दूसरे का नाम प्रवेश कुमार है।

# निजीकरण के विरोध में सोलह दिसंबर से बैंकों की देशव्यापी हड़ताल




**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के लखनऊ में बैंको के निजीकरण के विरोध में यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंककर्मियों ने हजरतगंज स्थित सेंट्रल बैंक शाखा के सामने सभा एवं प्रदर्शन करने के बाद 16 व 17 दिसंबर को देशव्यापी बैंक हड़ताल का आवाह्न किया है। इस दौरान बैंकों में होने वाले सभी तरह के लेन-देन समेत अन्य कार्य प्रभावित रहेंगे। इससे बैंक उपभोक्ताओं की भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

इस देश व्यापी प्रदर्शन में आल इण्डिया बैंक आफीसर्स कन्फेडरेशन (आयबाक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि अटल पेंशन योजना, नोटबंदी, मनरेगा, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा आदि योजनाएं केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों के बैंककर्मियों की दक्षता की वजह से सफल हो पाई हैं। नोटबंदी के दौरान बैंककर्मियों ने उपभोक्ताओं की परेशानी कम करने के लिए दिन रात एक कर दिया। वहीं एनसीबीई के महामंत्री अखिलेश मोहन ने कहा- ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि ऋण, छोटे और मध्यम श्रेणी के उद्योगों को दिये जाने वाले ऋणों में सहसा व्यापक रुकावट आयेंगी। इसके साथ ही बैंककर्मियों की संख्या घटेगी जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी और देश की आर्थिक सुदृढ़ता पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। आयबाक के महामंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

**हड़ताल में शामिल नहीं होंगी ग्रामीण बैंकें**

ऑल इंडिया रिजनल रूरल बैंक एंप्लाइज एसोसिएशन (अरेबिया) के राष्ट्रीय उपमहासचिव शिवकरन द्विवेदी ने कहा कि निजीकरण का विरोध किया जाना चाहिए। यह किसी भी बैंककर्मी के हित में नहीं है, लेकिन केरल जैसे छुटपुट जगहों को छोड़कर ग्रामीण बैंकें इस हड़ताल में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि यूपी यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियन 70 हजार से अधिक ग्रामीण बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है।

# दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में आज से बढ़ेगी सर्दी, बारिश का है अनुमान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली, यूपी, पंजाब, राजस्थान और हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में आज से सर्दी बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली, यूपी और हरियाणा में आज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पहाड़ों पर रविवार से ही बर्फबारी का दौर जारी है। एक तरफ हिमाचल प्रदेश के मनाली, शिमला और धर्मशाला में जमकर बर्फबारी हो रही है तो वहीं उत्तराखंड में भी बद्रीनाथ धाम में जमकर बर्फ गिरी है। इसके चलते सर्दी बढ़ गई है। मंगलवार से दिल्ली और एनसीआर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक गिरने की उम्मीद है। मौसम विभाग का कहना है कि 20 दिसंबर तक तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। इसके अलावा शीतलहर का भी असर देखने को मिल सकता है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में कुफरी और नारकंडा में भारी बर्फबारी के चलते 130 रास्ते बंद हो गए हैं। मनाली के रोहतांग दर्रे में 75 सेमी और अटल टन में 45 सेमी बर्फबारी हुई है। इसके अलावा लाहौल स्पीति में भी काफी बर्फ गिरी है। मौसम विभाग के ताजा अलर्ट के मुताबिक एनसीआर के गाजियाबाद, फरीदाबाद, दिल्ली, गढ़ मुक्तेश्वर, मेरठ, भिवानी, रोहतक, पलवल और बिजनौर में बारिश हो सकती है। इसके अलावा यूपी के ब्रज क्षेत्र कहलाने वाले अलीगढ़, हाथरस, मथुरा जैसे जिलों में भी आज बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इससे पहले रात में भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई थी और तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। अब एक बार फिर से बारिश होने पर अगले कुछ एनसीआर में सर्दियों वाले हो सकते हैं। मनाली में तापमान में शून्य से नीचे पहुंच गया है। इसके अलावा कश्मीर के भी कई इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में भी भारी बर्फबारी का दौर जारी है।

# सीबीआई ने आरपीएफ इंस्पेक्टर और सिपाही को किया गिरफ्तार

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में दबिश देकर आरपीएफ के इंस्पेक्टर और उसके कारखास कहे जाने वाले सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित इंस्पेक्टर के पास से 63 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। इस संबंध में सीबीआइ ने लखनऊ में मुकदमा किया है। यह है पूरा मामला: कोतवाली नगर के बंकी में रहने वाले गुफरान खाद और सीमेंट की आने वाली रैक को उतारने वाले श्रमिकों के ठेकेदार हैं। आरोप है कि आरपीएफके कर्मी उससे प्रति रैक एक हजार रुपये वसूलते थे, लेकिन जब से नए आरपीएफ निरीक्षक अखिलेश यादव आए थे वह प्रति रैक तीन हजार रुपये मांगने लगे। प्रताड़ित होने पर उसने दो दिसंबर को लखनऊ स्थित सीबीआइ कार्यालय में शिकायत की थी। इसी प्रकरण में सीबीआइ टीम ने पीड़ित के साथ आपरेशन की रणनीति बनाई और चार दिसंबर की रात आरपीएफके निरीक्षक व सिपाही आशुतोष तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**तीन दिसंबर को भी आई थी सीबीआईं-** गुफरान ने बताया कि शिकायत के दूसरे दिन तीन दिसंबर को सीबीआइ की टीम बाराबंकी में आकर मिली थी और प्रकरण की जांच की थी। इसके बाद चार दिसंबर को दोबारा पहुंची। रणनीति के तहत ही गुफरान ने आरपीएफ निरीक्षक से लेनदेन की बात करते हुए मोलभाव किया और यह सभी बातें सीबीआइ टीम गुफरान के पास लगे रिकार्डर से सुन व रिकार्ड कर रही थी। इसके बाद टीम ने गिरफ्तारी की और गुफरान ने जो 63 हजार रुपये दिए थे वह भी बरामद किया। कोतवाली में दो घंटे पूछताछ आरपीएफ इंस्पेक्टर व उनके कारखास सिपाही को लेकर सीबीआइ की टीम शनिवार देर रात कोतवाली नगर पहुंची। दस सदस्यीय टीम ने कोतवाली में करीब दो घंटे तक दोनों से पूछताछ की। एएसपी उत्तरी पूर्णेंदु ड्क्षसह ने बताया कि भ्रष्टाचार से संबंधित मुकदमा लखनऊ में लिखा गया है।

**दोनों निलंबित, होगी विभागीय जांच-** सूत्रों के अनुसार आरपीएफ इंस्पेक्टर और सिपाही को गिरफ्तारी के बाद निलंबित कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट से दिल्ली सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार : केजरीवाल



**नई दिल्ली ( आरएनएस)।** देश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन से निपटने के लिए सभी राज्य कमर कसकर तैयार है। के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नए वेरिएंटओमिक्रॉन से निपटने के लिए पूरी तरह से हम लोग तैयार हैं इसलिए दिल्ली के लोग को मैं पूरी तरह से आश्वस्त करते हुए कह रहा हूं कि ओमिक्रॉन

वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा इस नए वेरिएंट लगातार नजर रखी जा रही है। दिल्ली में हमने पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, बेड, दवाइयां और उपकरण का इंतजाम कर रखा है। इसलिए दिल्ली की जनता को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है और केवल सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और घर से बाहर निकले तो मास्क अवश्य पहने इससे इस बीमारी को दिल्ली में दोबारा बड़े स्तर पर खेलने का मौका नहीं मिलेगा।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कोराना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन देश में प्रवेश कर चुका है। कई जगह से खबर आ रही हैं कि वहां ओमिक्रॉन के मरीज पाए गए। दिल्ली के अंदर भी मरीज पाए गए। लेकिन मैं आप सबको कहना चहता हूं कि पैनिक करने की कोई जरूरत नहीं है, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मैं इस पर लगातार नजर रखे हुए हूं। मैंने पिछले हफ्ते भी हर चीज की समीक्षा बैठक की थी। ऑक्सीजन है, बेड्स हैं, दवाइयां हैं, उपकरण हैं, जिस भी चीज की जरूरत हैं, उसे हम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएंगे। आप चिंता न करें, बस आप अपना काम करते रहें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क पहनना बिल्कुल न भूलें। मास्क सबसे जरूरी है। घर से बाहर निकलें, तो अवश्य मास्क पहनें। अरविंद केजरीवाल ने बीते हफ्ते कोरोना की संभावित लहर से निपटने के लिए संबंधित विभागों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया था। दिल्ली सरकार की तैयारी 64-65 हजार बेड्स तैयार करने की है। मौजूदा समय में दिल्ली सरकार ने 30 हजार ऑक्सीजन बेड्स पहले ही तैयार कर लिया है, जिसमें 10 हजार आईसीयू बेड हैं। इसके अलावा, दिल्ली सरकार फरवरी तक और 6800 आईसीयू बेड तैयार कर लेगी। साथ ही, इस तरह की व्यवस्था की गई है कि जरूरत पड़ने पर दो हफ्ते की नोटिस पर दिल्ली के हर वार्ड में 100-100 ऑक्सीजन बेड तैयार कर लिए जाएंगे। इसके अलावा, 32 किस्म की दवाइयों को दो महीने का बफर स्टॉक ऑर्डर दिया जा चुका है, ताकि दवाइयों की कमी न पड़े। दिल्ली सरकार ने 442 मीट्रिक टन ऑक्सीजन भंडारण की अतिरिक्त क्षमता बना ली है और दिल्ली में 121 मीट्रिक टन ऑक्सीजन भी बननी चालू हो गई है। ऑक्सीजन के प्रबंधन के लिए सभी टैंक में टेलीमेट्री डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि रियल टाइम पर उपलब्ध ऑक्सीजन की जानकारी मिलती रहे। साथ ही, केजरीवाल सरकार ने दो बॉटलिंग प्लांट्स लगाया है। इसकी मदद से दिल्ली में अब प्रतिदिन 2900 सिलेंडर भरे जा सकेंगे।कोरोना की संभावित लहर के मद्देनजर मैन पावर की कमी न हो, इसके लिए केजरीवाल सरकार ने विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ मेडिकल स्टूडेंट्स, नर्सेज और पैरामेडिकल स्टॉफ को कोविड प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया है। केजरीवाल सरकार ने कुल 15370 डॉक्टर, नर्सेज, मेडिकल स्टूडेंट्स और पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया है, जिसमें 4673 डॉक्टर, 1707 मेडिकल छात्र, 6265 नर्स और 2726 पैरामेडिक्स शामिल हैं। इन्हें ऑक्सीजन थेरेपी, कोविड प्रबंधन, पीडियाट्रिक वार्ड कोविड प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया है।